कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला :- सक्ती (छ.ग.)

अस्पताल चौक, मेन रोड ग्राम पोरथा, सक्ती , जिला सक्ती छ.ग.

Email- cmhosakti@gmail.com, cmhosakti@rediffmail.com, cmho-sakti@cg.gov.in Ph.no. 07757-299225

क्रमांक / जन शिका. / 2026 / 1153 सक्ती, दिनांक 27/02/2026

प्रति,

कलेक्टर महोदय,
जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

विषयः– जनशिकायत निवारण पोर्टल में प्राप्त आवदेन क्रमांक 790626002175 के संबंध में।

संदर्भः– जनशिकायत निवारण विभाग छत्तीसगढ़ शासन का आवदेन क्रमांक 790626002175

––000––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि जनशिकायत निवारण विभाग छत्तीसगढ़ शासन का आवदेन क्रमांक 790626002175 प्राप्त हुआ है, जिसमें नौरतन पटेल चमरवाह, पोस्ट ऑ. मसनियाकला, तहसील एवं जिला सक्ती द्वारा जिला सक्ती में सरकारी स्तर पर फिजियोथेरेपी की सुविधा आवश्यक मशीनों के साथ उपलब्ध कराने एवं जिले में फिजियोथेरेपिस्ट के पद स्वीकृत नही हाने के संबंध में आवेदन किया गया है।

उक्त ऑनलाईन आवेदन के संबंध में लेख है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में फिजियोथेरेपिस्ट के पद स्वीकृत है। परन्तु नवीन जिला होने के फलस्वरूप आरक्षण रोस्टर नहीं होने के कारण स्वीकृत पदो पर भर्ती प्रक्रिया नहीं हो सकी है। आरक्षण रोस्टर प्राप्त होने के पश्चात् फिजियोथेरेपिस्ट के पदो पर भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।

अतः आवश्यक जानकारी आपकी ओर सादर प्रेषित है।

संलग्न :– ज.शि.नि.वि.छ.ग.शा. का आवदेन क्रमांक 790626002175

Dr Priya Aggrawal

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सक्ती (छ.ग.)

पृ. क्र / जन शिका. / 2026 / 1154 सक्ती, दिनांक 27/02/2026

प्रतिलिपिः–

1. कलेक्टर महोदय, जिला सक्ती, छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ।

Dr Priya Aggrawal

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सक्ती (छ.ग.)

पत्र का विवरण

पत्र क्रमांक - 790626002175

श्रेणी - Web द्वारा प्राप्त शिकायतें

आवेदक का नाम - नीरतन पटेल

आवेदक का पता - चमरवाह,पोस्ट ऑ.-कसनियां कलॉ,तहसील एवं जिला-सक्ती(छ.ग.)

आवेदन दिनांक - 15-02-2026

आवेदक का जिला - जांजगीर-चाम्पा

विषय - सविनय निवेदन है कि नवगठित जिला सक्ती के नागरिकों के लिए वर्तमान में सरकारी स्तर पर फिजियोथेरेपी उपचार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिले में फिजियोथेरेपिस्ट का पद स्वीकृत नहीं होने एवं संबंधित मशीनों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को उपचार हेतु अन्य जिलों जैसे रायगढ़, कोरबा, जांजगीर या बिलासपुर जाना पड़ता है। इन शहरों की दूरी 60km से भी अधिक है, जो गंभीर मरीजों के लिए न केवल कष्टदायक है बल्कि आर्थिक रूप से भी एक बड़ा बोझ है। विशेषकर दुर्घटनाग्रस्त मरीज, ऑपरेशन के बाद पुनर्वास (Rehabilitation) की आवश्यकता वाले रोगी, स्ट्रोक (लकवा) के मरीज, जोड़ों एवं मांसपेशियों के पुराने रोगों से ग्रसित व्यक्ति तथा असहाय वृद्धजन — इन सभी को फिजियोथेरेपी की निरंतर आवश्यकता होती है। स्थानीय स्तर पर सुविधा के अभाव में गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों का उपचार बीच में ही छूट जाता है, जिससे उनकी शारीरिक स्थिति बिगड़ने और स्थायी विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है। अतः आपसे जिला सक्ती के जनहित में निम्न कार्यवाही हेतु सादर प्रार्थना है: जिला अस्पताल सक्ती में फिजियोथेरेपिस्ट (Physiotherapist) के पदों की शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए। अस्पताल में एक सुसज्जित फिजियोथेरेपी विभाग (Unit) की स्थापना कर निम्न मशीनें उपलब्ध कराई जाएं: Interferential Therapy (IFT) Unit Ultrasound Therapy Machine (US) Traction Unit (Cervical & Lumbar) Short Wave Diathermy (SWD) TENS (Transcutaneous Electrical Nerve Stimulation) Machine Exercise & Rehabilitation Equipment (Shoulder Wheel, Parallel Bar etc.) इन सुविधाओं की स्थापना से सक्ती एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों नागरिकों को स्थानीय स्तर पर सस्ता और सुलभ इलाज मिलेगा। यह कदम जिला अस्पताल को और अधिक सशक्त एवं पूर्ण चिकित्सा सुविधा वाला बनाएगा, जिससे शासन की 'सुपोषण और स्वस्थ छत्तीसगढ़' की संकल्पना भी साकार होगी। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि जन-स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इस विषय पर शीघ्र अति शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें

वर्तमान कार्यवाही विवरण

पत्र की स्थिति - अपूर्ण

अधिकारी का पद - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी Dr. Pooja Agrawal233300028

विभाग का नाम - MUKHYA CHIKITSA AWAM SWASTHAY ADHIIKARI SAKTI, सक्ती

मुख्य विभाग का नाम - लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण विभाग

जावक दिनांक - 26-02-2026

Export To Excel